**भारत सरकार**
**पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 3409**
**बुधवार, 9 अगस्त, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए**

## डॉपलर रडार की स्थापना

**3409. श्री सुमेधानन्द सरस्वती :**
**डॉ. मनोज राजोरिया:**

क्या **पृथ्वी विज्ञान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश में असामयिक मौसम के कारण होने वाले फसल के नुकसान को कम करने अथवा खत्म करने के लिए आम किसानों को मौसम की सही जानकारी देने हेतु डॉपलर रडार की स्थापना की है;

(ख) यदि हां, तो देश में, विशेषकर राजस्थान में अब तक स्थापित ऐसे राडारों की संख्या कितनी है और इनका ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार विगत चार-पांच वर्षों के दौरान देश के कई हिस्सों में रडार स्थापित करने पर विचार कर रही है; और

(घ) यदि हां, तो तत्सबंधी ब्यौरा क्या है ?

**उत्तर**
**पृथ्वी विज्ञान मंत्री**
**(श्री किरेन रिजिजू)**

(क) जी हाँ। भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने प्रतिकूल मौसम घटना की निगरानी करने और कृषि सहित सभी क्षेत्रों के लिए उससे संबंधित पूर्वानुमान और चेतावनी सेवाओं का समर्थन करने के लिए देश भर में डॉपलर रडार की स्थापना की है ।

(ख) वर्तमान में भारत मौसम विज्ञान विभाग, राजस्थान राज्य सहित देश भर में 37 डॉपलर मौसम रडार (DWR) का संचालन कर रहा है। रडार नेटवर्क का राज्यवार विवरण अनुलग्नक -I में दिया गया है।

(ग) जी हाँ।

(घ) पिछले चार-पांच वर्षों के दौरान देश के कई हिस्सों में लगभग 15 रडार स्थापित किए गए हैं और उनका विवरण पहले से ही अनुलग्नक- I में शामिल हैं।

**<u>अनुलग्नक -I</u>**

| **क्र. सं.** | **राज्य / संघ राज्य क्षेत्र** | **मौजूदा DWRs (37)** |
|---|---|---|
| 1 | राजस्थान | जयपुर में **1 C-Band DWR** |
| 2 | मध्य प्रदेश | भोपाल में 1 S-Band DWR |
| 3 | महाराष्ट्र | मुंबई और नागपुर में 2 S-Band DWRs<br>वेरावल्ली, मुंबई में 1 C-Band DWR की स्थापना की गई। |
| 4 | उत्तर प्रदेश | लखनऊ में 1 S-Band DWR |
| 5 | गुजरात | भुज में 1 S-Band DWR की स्थापना की गई। |
| 6 | आंध्र प्रदेश | मछलीपट्टनम, विशाखापट्टनम और श्रीहरिकोटा में 3 S-Band DWRs |
| 7 | ओडिशा | पारादीप और गोपालपुर में 2 S-Band DWRs |
| 8 | तमिलनाडु | चेन्नई और कराईकल में 2 S-Band DWRs और NIOT चेन्नई में 1 X-Band DWR |
| 9 | तेलंगाना | हैदराबाद में 1 S-Band DWR |
| 10 | बिहार | पटना में 1 S-Band DWR |
| 11 | पश्चिम बंगाल | कोलकाता में 1 S-Band DWR |
| 12 | असम | मोहनबाड़ी में 1 S-Band DWR |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | कुफरी, मुरारी देवी और जोत में 3 X-Band DWR |
| 14 | उत्तराखंड | सुरकंडा देवी और मुक्तेश्वर में 2 X-Band DWR और लैंसडाउन में 1 X-Band DWR (स्थापित किया जा रहा है।) |
| 15 | पंजाब | पटियाला में 1 S-Band DWR |
| 16 | केरल | कोच्चि में 1 S-Band DWR और<br>तिरुवनंतपुरम में 1 C-Band DWR (इसरो द्वारा संचालित) |
| 17 | मेघालय | चेरापूँजी में 1 S-Band DWR |
| 18 | त्रिपुरा | अगरतला में 1 S-Band DWR |
| 19 | गोवा | गोवा में 1 S-Band DWR |
| 20 | लद्दाख | लेह में 1 X-Band DWR |
| 21 | जम्मू एवं कश्मीर | जम्मू एवं बनिहाल टॉप में 2 X-Band DWR |
| 22 | राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली | पालम में 1 S-Band DWR,<br>लोदी रोड में 1 C-Band DWR और<br>आयानगर में 1 X-Band DWR |

**डॉपलर उत्पादों के लिए प्रेक्षण रेंज X-Band : 100 किलोमीटर, C- Band: 250 किलोमीटर और S-Band: 250 किलोमीटर है।**

******